16-MAY- RGH-Bhoomi pg-1-JACKET_Layout 1 5/16/2026 8:49 PM Page 1

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 मई 2026
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम जोराडोल निवासी स्व. नैहर साय का कुआं के पानी में डूबने से 3 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी पांचो बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनेगा

**जशपुरनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जशपुर ने केंद्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक योजना अंतर्गत अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार कक्षा 1 से 10वीं तक के अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों को यह सुविधा मिलेगी। चिप्स द्वारा प्रमाण पत्र तैयार कर लाइव कर दिया गया है। अब अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केंद्र से जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र की तरह अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र भी ऑनलाइन बनवाया जा सकेगा। इसके लिए 10 रुपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र के साथ आवेदन में सरपंच, पार्षद व पटवारी के हस्ताक्षर कराना होगा। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, प्रधान पाठक प्राथमिक, मिडिल, हाई, हायर सेकेंडरी शासकीय, अशासकीय स्कूल जशपुर को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विकासखंड के स्कूलों में अस्वच्छ व्यवसाय में कार्यरत परिवार के कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनवाने हेतु प्रचार-प्रसार करें। इससे अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति से लाभान्वित हो सकें।

### हवाला, बेटिंग आईडी और ए पी के ऐप से चल रहा था क्रिकेट सट्टा

# गोवा से चला रहे थे करोड़ों का क्रिकेट सट्टा, पुलिस ने दबोचे 6 बड़े खाईवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा और हवाला नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य भारत में सक्रिय एक बड़े सट्टा सिंडिकेट का खुलासा किया है। एसएसपी शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में गोवा से छह बड़े सट्टा संचालकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में करोड़ों रुपये के हवाला लेनदेन, बेटिंग आईडी, कॉलिंग ऐप और डिजिटल सट्टा नेटवर्क के अहम सुराग मिले हैं।

पुलिस के मुताबिक थाना कोतवाली रायगढ़ में दर्ज पहले करन चौधरी उर्फ करन अग्रवाल, पुष्कर अग्रवाल और सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान हवाला लेनदेन और खरसिया निवासी अमित मित्तल के नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण इनपुट सामने आए। इसके बाद साइबर थाना और कोतवाली पुलिस ने तकनीकी निगरानी शुरू की, जिसमें रायगढ़, रायपुर, सक्ती, नागपुर और गोवा तक फैले नेटवर्क का खुलासा हुआ।साइबर थाना रायगढ़ की टीम गोवा पहुंची। वहां कैंडोलिम बीच इलाके में किराए के एक विला पर दबिश दी गई। पुलिस ने मौके से अमित मित्तल, मोहित सोमानी, प्रकाश वाधवानी, आकाश



मोटवानी, राहुल खंडेलवाल उर्फ बाबू और सुलभ खंडेलवाल उर्फ छोटा बाबू को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दबिश की भनक लगते ही आरोपी मोबाइल फोन, लैपटॉप और हिसाब-किताब से जुड़े दस्तावेज नष्ट करने की कोशिश कर रहे थे। मौके से 10 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। सभी आरोपियों को पूछताछ के लिए रायगढ़ लाया गया है।जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि महादेव सट्टा ऐप की तर्ज पर क्रिकेट बेटिंग आईडी दुबई से संचालित नेटवर्क के जरिए महानगरों तक पहुंचती थी। इसके बाद नागपुर, रायपुर और रायगढ़ जैसे शहरों में सक्रिय एजेंटों के माध्यम से इसे छोटे सटोरियों और प्लेयर्स तक पहुंचाया जाता था।

तीन तरीकों से चल रहा था सट्टा- पुलिस जांच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के तीन बड़े तरीके सामने आए हैं। आरोपी रायपुर से "अभिनंदन बुक/लाइन" के जरिए क्रिकेट मैचों का सेशन और भाव लेते थे। इसके बाद ए पी के बेस्ड जूम ऐप के माध्यम से नीचे सक्रिय खाईवालों और प्लेयर्स तक रेट पहुंचाए जाते थे। सटोरिए "प्रगति टीवी ऐप" और "स्टार लाइव" जैसे ए पी के आधारित ऐप इस्तेमाल करते थे, जिनमें मैच लगभग 7 सेकंड पहले दिखाई देता था। इसी एडवांटेज का फायदा उठाकर वे लाइव कॉलिंग ऐप के जरिए नीचे जुड़े खाईवालों को तुरंत भाव बताते थे। यह गिरोह क्रिकेट बेटिंग प्लेटफॉर्म की आईडी उपलब्ध कराकर ऑनलाइन जुआ संचालित करता था। आरोपी बड़े नेटवर्क से आईडी लेकर छोटे एजेंटों और प्लेयर्स को कमीशन पर उपलब्ध कराते थे।

#### मन्नू नथानी गैंग से जुड़े तार

जांच और मोबाइल डेटा खंगालने पर पुलिस को पता चला कि यह पूरा नेटवर्क मध्य भारत के चर्चित सट्टा संचालक "मन्नू नथानी" गैंग से जुड़ा हुआ है। आरोपी ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा, मटका और डिजिटल बेटिंग आईडी के जरिए संगठित अपराध को अंजाम दे रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि एक आईपीएल सीजन में करोड़ों रुपये का लेनदेन किया जाता था। आरोपी हर ट्रांजैक्शन पर कमीशन लेते थे और कई राज्यों में फैले नेटवर्क के जरिए काम कर रहे थे।

#### हवाला नेटवर्क का भी खुलासा

पूछताछ में पुलिस को हवाला लेनदेन के अहम सुराग भी मिले हैं। आरोपियों के मोबाइल फोन से नोटों के सीरियल नंबर साझा कर रकम ट्रांसफर करने के प्रमाण मिले हैं। इससे पहले गिरफ्तार आरोपियों से एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त की जा चुकी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अमित मित्तल के खिलाफ रायगढ़ जिले के खरसिया, चक्रधरनगर और घरघोड़ा थाना क्षेत्रों में पहले से ऑनलाइन सट्टा के मामले दर्ज हैं। वहीं मोहित सोमानी और उसके साथियों के खिलाफ रायपुर के विभिन्न थानों में भी सट्टा संबंधी अपराध दर्ज बताए गए हैं।

#### गिरफ्तार आरोपी

अमित मित्तल, निवासी स्टेशन रोड खरसिया मोहित सोमानी, निवासी समता कॉलोनी आजाद चौक रायपुर प्रकाश वाधवानी, निवासी चौबे कॉलोनी रायपुर आकाश मोटवानी, निवासी कचहरी चौक रायपुर राहुल खंडेलवाल उर्फ बाबू, निवासी तेलीबांधा रायपुर सुलभ खंडेलवाल उर्फ छोटा बाबू, निवासी आजाद चौक रायपुर शामिल हैं।



## आम से लदा पिकअप वाहन पुलिया के नीचे गिरा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- गाड़ी चालक ओडिशा से अंबिकापुर ले जा रहा था कच्चा आम
- जशपुर में दर्दनाक सड़क हादसा, पिकअप के उड़े परखच्चे

जशपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कच्चा आम से लदा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक ओडिशा से अंबिकापुर की ओर कच्चा आम लेकर जा रहा था। इसी दौरान कुनकुरी थाना क्षेत्र के खारीझाड़िया स्थित श्रीनदी पुलिया के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही कुनकुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सकरी पुलिया होने की वजह से यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से पुलिया को चौड़ा कराने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## पुसलदा में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने प्रशासन सक्रिय, बंद योजनाएं जल्द होंगी शुरू

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पुसलदा में उपलब्ध 13 हैंडपंपों में से 11 हैंडपंप वर्तमान में संचालित हैं। वहीं स्थापित 6 बोर में से 4 बोर चालू स्थिति में हैं, जिससे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रेडा विभाग के अंतर्गत स्थापित 2 सोलर आधारित पेयजल व्यवस्था फिलहाल बंद है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत टंकी के माध्यम से ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की गई थी। इस योजना का हस्तांतरण 27 मई 2025 को ग्राम पंचायत को किया गया था, जिसके बाद इसका संचालन पंचायत स्तर पर किया जा रहा था। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक बोर का पंप चोरी हो जाने के कारण पंचायत द्वारा योजना का संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। साथ ही क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या के कारण भी बोर संचालन में तकनीकी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संबंधित ठेकेदार और ग्राम पंचायत सरपंच को तत्काल आवश्यक सुधार कार्य कर पेयजल योजना को पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने कहा है कि ग्रामीणों को नियमित और सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन द्वारा पूरे मामले की लगातार निगरानी की जा रही है और जल्द से जल्द सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गए ग्रामीण को हाथी ने कुचला, मौत से गांव में दहशत

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई। यह घटना कापू रेंज के अलोला बीट की है, जहां जंगल में जलाऊ लकड़ी लेने गए ग्रामीण पर हाथी ने हमला कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं इस हादसे के बाद वन विभाग ग्रामीणों से सतर्क रहने और हाथियों के आने पर तत्काल सूचित करने की अपील कर रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इंदकालो गांव निवासी 55 वर्षीय मालिकराम बंजारा बुधवार को छेनापतरा जंगल की ओर लकड़ी लेने गए थे। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद जंगल के भीतर उनका शव मिला। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई गई कि उनकी मौत हाथी के हमले में हुई है। इस घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कापू रेंज के अलोला बीट क्षेत्र में एक हाथी लगातार विचरण कर रहा था। बताया जा रहा है कि हाथी सरगुजा क्षेत्र की ओर से यहां पहुंचा है। वन विभाग द्वारा गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जंगल में सावधानी बरतने और अकेले न जाने की चेतावनी भी दी जा रही थी। ग्रामीण की मौत के बाद गांव में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल से लगे गांवों में हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और हाथियों की निगरानी बढ़ाने की मांग की है। मुख्य बात यह है कि यह घटना एक बार फिर मानव और वन्यजीव संघर्ष की गंभीर स्थिति को सामने लाती है। जंगलों पर निर्भर ग्रामीण रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जंगल जाते हैं, लेकिन हाथियों की मौजूदगी उनके लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। यही हाथी-मानव द्वंद्व की घटनाएं अक्सर सामने आ रही हैं। बहरहाल, वन विभाग ने पीड़ित परिवार को नियमानुसार सहायता राशि दिलाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आज हमर अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा रायगढ़ में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डेंगू नियंत्रण में सामुदायिक भागीदारीः जांच करेंए सफाई करें और ढंकें थीम के तहत जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें आम नागरिकों को डेंगू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर जुटमिल में डेंगू के विषय पर संगोष्ठी एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डेंगू नियंत्रण की वर्तमान स्थिति, रोकथाम के उपायों और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि डेंगू एक गंभीर वायरल बुखार है जो एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर मुख्यतः साफ और स्थिर पानी में पनपता हैए इसलिए घरों और आसपास जलजमाव रोकना अत्यंत आवश्यक है। लोगों को सलाह दी गई कि पानी की टंकियों, कूलरों, गमलों, पुराने टायरों और अन्य बर्तनों को नियमित रूप से खाली और साफ रखें। साथ ही मच्छरदानी का उपयोग करेंए शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें और खिड़कियों व दरवाजों पर जाली लगवाएं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि तेज बुखारए सिरदर्दए आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द तथा शरीर पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।



हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 17 मई 2026

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

4
निगम आयुक्त का अल्टीमेटम, एक सप्ताह में शुरु हो 104 पीएम आवास निर्माण





## खबर संक्षेप

### घर से जेवर नकदी पार किसाान का बैग चोरी

**रायगढ़।** जिले में चोरी की दो अलग अलग घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एक ओर लैलूंगा थाना क्षेत्र में शिक्षक के सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवर और नगदी पार कर दी, वहीं तमनार में बैंक से पैसे निकालकर लौट रहे किसान का रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। दोनों मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम सलखिया निवासी लक्ष्मीनारायण साहू आर्य पूर्व माध्यमिक शाला सलखिया में शिक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे 3 मई को परिवार सहित अपने पैतृक गांव लोहर्सी ख, जिला जांजगीर चांपा गए हुए थे। 13 मई को वापस लौटने पर घर का दरवाजा, कुंदा, ताला और अलमारी टूटी मिली तथा सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर में रखे सोने चांदी के जेवर और 35 हजार रुपए नगद गायब मिले। प्रार्थी के अनुसार चोरी हुए सामान में सोने की माला, हार, चांदी की पायल, करधनए बिछिया सहित अन्य जेवर शामिल हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई है। मामले में लैलूंगा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(5) और 305 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना तमनार क्षेत्र की है। ग्राम सराईपाली निवासी रहंसराम खम्हारे 14 मई की सुबह खेती किसानी के काम से अपेक्स बैंक तमनार पहुंचे थे। उन्होंने बैंक से 24 हजार रुपये निकाले और रकम को पासबुक व आधार कार्ड के साथ पीले रंग के थैले में रख लिया। इसके बाद वे बैंक के पास बने सार्वजनिक यात्री प्रतीक्षालय में बस का इंतजार करने लगे। इसी दौरान उन्हें झपकी आ गई। कुछ देर बाद उठने पर देखा कि बगल की सीट पर रखा उनका थैला गायब था। थैले में 24 हजार रुप, नगद, पासबुक और आधार कार्ड रखा हुआ था। आसपास तलाश करने के बाद भी बैग का कोई सुराग नहीं मिला।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक पर चाकू से हमला

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, बालाराम यादव पिता तीरथ राम यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि इंदिरानगर निवासी अफसर खान पिता अख्तर खान उसके पास आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। परिचय होने के कारण बालाराम ने उसे 100 रुपए दे दिए। कुछ समय बाद आरोपी दोबारा उसके पास पहुंचा और फिर से पैसे मांगने लगा। इस बार बालाराम ने पैसे देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर अफसर खान गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे फल काटने वाले चाकू से हमला कर दिया।

## रायगढ़ मेरे परिवार जैसा मुख्यमंत्री ने जनता के स्नेह को बताया अपनी ताकत

# रायगढ़ अब सांस्कृतिक के साथ मॉडल के रूप में प्रदेश में बना रहा नई पहचान : सीएम





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुशासन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को जिले के कुसमुरा में आयोजित धन्यवाद सभा में विकास और सुशासन का बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज कुसमुरा की इस पवित्र धरती पर आकर मुझे अत्यंत खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। यह केवल एक सभा नहीं, बल्कि जनता और सरकार के बीच विश्वास विकास और जनसेवा का मजबूत संबंध है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ से उनका आत्मीय रिश्ता वर्षों पुराना है और यहां की जनता ने उन्हें हमेशा परिवार के सदस्य की तरह स्नेह और आशीर्वाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायगढ़ अब केवल सांस्कृतिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सुशासन और तेज विकास के मॉडल के रूप में पूरे प्रदेश में नई पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री ने आज जिले में 102 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करते हुए कहा कि राज्य सरकार जनता तक सीधे पहुंचकर सुशासन को मजबूत बना रही है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में छत्तीसगढ़ में विकास ने नई गति पकड़ी है और अब जनता खुद कह रही है.विकास हो रहा है, छत्तीसगढ़ बदल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हजारों लंबित प्रकरणों का निराकरण कर लोगों को राहत पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानोंए महिलाओं, युवाओं और गरीब परिवारों के हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख गरीब परिवारों को आवास की स्वीकृति दी गई है तथा लगभग 10 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है तथा 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ रुपए का बकाया बोनस प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। आगामी समय में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्रारंभ की जाएगी, जिससे आम नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे और समय.सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि हजारों परिवार इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

### 102 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की मिली सौगात

सुशासन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जिलेवासियों को 102 करोड़ 93 लाख 24 हजार रुपए के विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। जिनमें कुल 24 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन शामिल है। इनमें 33 करोड़ 98 लाख 47 हजार रुपए लागत के 13 कार्यों का लोकार्पण तथा 68 करोड़ 94 लाख 77 हजार रुपए लागत के 11 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। लोक निर्माण विभाग रायगढ़ द्वारा 13 करोड़ 06 लाख रुपए लागत के चार विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इनमें ठाकुरपाली पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 2 किलोमीटर 196.64 लाख रुपए, टिनमिनी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 2 किलोमीटर 166.54 लाख रुपए, जिला रायगढ़ के कोयलंगा नाला में पुलिया निर्माण 289.82 लाख रुपए तथा जामगांव रेलवे क्रॉसिंग से मानकेशरी मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य लंबाई 3 किलोमीटर 653 लाख रुपए शामिल हैं। इन कार्यों से क्षेत्र में आवागमन सुविधाएं बेहतर होंगी।

### वित्त मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और विकास का नया दौर शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीब परिवारों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के तुरंत बाद किसानों को 3716 करोड़ रुपए की बकाया बोनस राशि प्रदान की गई तथा आज प्रदेश में 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव.गांव में तेजी से आवास निर्माण कार्य चल रहे हैं।

### पूरे प्रदेश में विकास कार्यों को मिल रही गति : सांसद

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जहां भी जा रही है, वहां जनता की मांगों के अनुरूप करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से रायगढ़ सहित पूरे प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है।

### सीएम श्री साय ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्रवासियों की मांगों पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने ग्राम सूपा, घुघुवा, पुटकापुरी, तारापुर, उसरौट और काशीचुआं को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की घोषणा की। इसके साथ ही कुसमुरा में महतारी सदन निर्माणए धनागर सोसायटी के अंतर्गत खाद्य भंडारण हेतु गोदाम निर्माण तथा उप स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन की दिशा में आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### धरमजयगढ़ में रहस्यमयी तरीके से वृद्ध महिला की मौत, नातिन गंभीर



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 चिकटवानी के मुड़ाटिकरा मोहल्ले में शनिवार को एक दर्दनाक और रहस्यमयी घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी मासूम नातिन गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में मातम और दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान मिरीना लकड़ा 70 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं घायल बच्ची अगस्तिना लकड़ा 9 वर्ष बताई जा रही हैए जो मृतका की नातिन है। दोनों के साथ यह घटना किन परिस्थितियों में हुईए इसका अब तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक तौर पर किसी अज्ञात हमलावर की आशंका जताई जा रही है। इस घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। घटना को लेकर लोगों में भय और आक्रोश का माहौल देखा गया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया हैए जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इधर इसकी सूचना मिलते ही धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। फिलहाल घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया हैए लेकिन पुलिस इसे गंभीरता से लेते हुए जांच में जुटी हुई है।

## महिला अधिवक्ता हत्याकांडः पुलिस की थ्योरी में उलझा टाइमलाइन, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिला अधिवक्ता आराधना सिदार हत्याकांड का खुलासा हो गया है। पुलिस ने इस हत्या के पीछे जहां प्रेम संबंध और विवाद को कारण बताया है। वहीं पुलिस की थ्योरी में टाइम लाइन उलझ सा गया है। दरअसल इस हत्याकांड में पुलिस की थ्योरी पर सबसे बड़ा सवाल आरोपी की जेल से रिहाई और कथित प्रेम संबंधों की टाइमलाइन को लेकर उठ रहा है। जब आरोपी पूर्व में ही रेप केस में 10 माह तक जेल में सजा काट रहा था, फिर कैसे उसकी मुलाकात महिला अधिवक्ता से हुई।



गौरतलब है कि तुमीडीह के कटेल टिकरा जंगल में बीते 12 मई को एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। शव की सूचना कोटवार अयोध्या प्रसाद माझी ने पुलिस को दी थी। शव की पहचान महिला अधिवक्ता आराधना सिदार के रूप में हुई। शव की पहचान होने के बाद जिला अधिवक्ता संघ ने न्यायालय से विरोध मार्च निकालकर एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को ज्ञापन सौंपा और हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग की थी। इसके अगले ही दिन पुलिस ने प्रेस वार्ता कर आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए हत्या के पीछे प्रेम संबंध और विवाद को कारण बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी लोकनाथ पटेल पिता रामप्रसाद पटेल 30 निवासी ग्राम चारपारा जिला सक्ती पहले से शादीशुदा था और उसने यह बात मृतिका से छिपाई थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ा और लोकनाथ ने उसकी हत्या कर दी। हालांकि पुलिस की इस थ्योरी पर कई सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में सूत्रों ने बताया पुलिस जिसे इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी बता रही है, उसके खिलाफ मई 2025 में रायपुर निवासी एक युवती ने मारपीट कर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद 15-16 मई 2025 को न्यायालय ने आरोपी को अभिरक्षा में भेज दिया था। जब से आरोपी जेल में सजा काट रहा था। इसी बीच आरोपी लोकनाथ पटेल ने उच्च न्यायालय में अपनी बेल के लिए तीन बार याचिका दायर की, लेकिन उच्च न्यायालय ने उसकी याचिका खारिज कर दी। जिसके बाद 28 फरवरी 2026 को वह पहली बार जेल से बाहर आया। ऐसी स्थिति में सबसे बड़ा प्रश्न तो यही है कि सिर्फ इन 2 महीने के भीतर ही मुलाकात, दोस्ती, प्रेम संबंध के बाद विवाद और हत्या तक की पूरी कहानी आखिर कैसे तैयार हो गई।

### छत्तीसगढ़ बार काउंसिल ने भी की कठोर कार्रवाई की मांग

इस मामले में छत्तीसगढ बार काउंसिल ने भी महिला अधिवक्ता के साथ सामूहिक दुष्कर्म और नृशंस हत्या के मामले में आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग पुलिस अधीक्षक रायगढ़ से पत्राचार कर की है। छत्तीसगढ राज्य विधिक परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार पाराशर ने इस पत्र में कहा है कि इस हत्याकांड को लेकर छत्तीसगढ के समस्त अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। साथ ही कहा गया है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई नहीं होने से इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता ।

### कई पहलुओं को नहीं किया सार्वजनिक

नियमतः जेल से बाहर आने के बाद अब तक लोकनाथ को उसका फोन नहीं दिया गया है, लेकिन फेसबुक के माध्यम से परिचय होने की बात सामने आ रही है। यही बड़ा सवाल है। आरोपी लोकनाथ पूर्व में नलवा प्लांट में सुपरवाइजर के रूप में नौकरी करता था, लेकिन रेप केस में जेल जाने के बाद उसे निकाल दिया गया था और अब वह अपने घर पर ही था। फिर से नौकरी की तलाश करने के साथ ही चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चक्कर काट रहा था। मृतिका के सहकर्मी अधिवक्ताओं का कहना है कि मामले में अब भी कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। मोबाइल कॉल डिटेल, दोनों के बीच संपर्क का रिकॉर्ड, घटनास्थल तक पहुंचने की परिस्थितियां और संभावित अन्य एंगल पर जांच को लेकर सवाल बने हुए हैं।

## गीतांजलि एक्सप्रेस में डेढ़ लाख से अधिक के जेवर चोरी

**रायगढ़।** लंबी दूरी की ट्रेनों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी बीच गीतांजलि एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक युवक के बैग से सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना रायगढ़ जीआरपी के क्षेत्र की बताई जा रही है। इस मामले में प्रार्थी ने महाराष्ट्र के कल्याण जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जहां से केस डायरी मिलने के बाद रायगढ़ जीआरपी ने जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता लिपुन उत्तमकुमार घोष 22 वर्ष निवासी अंबरनाथ पूर्व, जिला ठाणे महाराष्ट्र ने कल्याण जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी बहन लिपीका भद्रा, बहनोई राधाकांत भद्रा और उनके दो बच्चों के साथ ओडिशा स्थित अपने गांव से वापस अंबरनाथ लौट रहा था। सभी ने 23 अप्रैल को ट्रेन नंबर 12860 गीतांजलि एक्सप्रेस में खड़गपुर से कल्याण तक यात्रा के लिए बी-2 कोच में सीट नंबर 50 और 56 पर आरक्षण कराया था। सफर के दौरान रात करीब 9:30 बजे राउरकेला स्टेशन से ट्रेन छूटने के बाद उसकी बहन बच्चों के साथ साइड अपर बर्थ पर सो गई, जबकि वह स्वयं दूसरी सीट पर सो गया। सोने से पहले परिवार ने लाल रंग का ट्रॉली बैग सीट नंबर 52 के नीचे रखा था। इसी बीच 24 अप्रैल की रात लगभग 12:45 बजे जब ट्रेन रायगढ़ स्टेशन पर खड़ी थी, तब उसकी नींद खुली।







## सिंघनपुर गुफा में सर्वे टीम पर मधुमक्खियों का हमला, 8 घायल

**रायगढ़।** जिले के भूपदेवपुर थाना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक सिंघनपुर गुफा में शुक्रवार शाम बड़ा हादसा हो गया। गुफा क्षेत्र का सर्वे करने पहुंची टीम पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस घटना में सर्वे टीम के 5 सदस्य समेत वन विभाग के 3 कर्मचारी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए रायगढ़ के जिंदल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब 4 बजे सर्वे टीम सिंघनपुर गुफा क्षेत्र का निरीक्षण कर रही थी। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड ने अचानक वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के अचानक हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और जान बचाने के



लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि मधुमक्खियों के हमले से कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। काफी देर तक बचाव की कोशिश के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल 5 सदस्यों को तत्काल जिंदल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं वन विभाग के 3 कर्मचारियों को भी डंक लगने से चोटें आई हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**खबर संक्षेप**

## गांव-गांव में हो रही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई

**कोसीर।** कोसीर क्षेत्र के आसपास गांव-गांव मे लकड़ी का व्यापार तेजी से चल रहा है। गांव-गांव मे घूम-घूम कर पेड़ों की खरीदी कर अंधाधुंध कटाई करने मे लगे हुए है। वहीं पेड़ों को कम दाम में खरीद कर उसे कटाई कर पंलग और अन्य सामान तैयार कर दोगुने दाम बनाने में लगे हुए है। इस तरह से पूरे क्षेत्र मे दलाल सक्रिय नजर आ रहे है। सुबह शाम टैक्टर में भर-भर कर ले जाते देखा जा सकता है। फिर भी प्रशासन की नजर इन पर नही पड़ रहा है। यहां आलम ही कुछ और नजर आ रहा है मशीन से कटाई करने के कारण लगातार खेत खलिहान विरान हो रहे है। मशीन की कटाई से अनेकों पेड़ कट रहा है बिना जरुरत के भी पेड़ बिकी कर दे रहे है। लालच मे आकर जिसे दोगुने दाम कमा रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण सख्त कार्रवाई की मांग भी कर रहे हैं। जल ही जीवन है वैसे ही पर्यावरण भी जीवन का सबसे आधार है। इसलिए पेड़ों की देखभाल करे न कि उसे काटे हर एक इंसान को चाहिए एक एक पेड़ लगाएं।

## महिला की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

**जांजगीर-चांपा।** घर घुसकर बच्चों से मारपीट व महिला की हत्या करने के मामले में सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मधुआ का है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार घटना दिनांक 5 अक्टूबर 2026 को प्रार्थी राधेश्याम केंवट ने अकलतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर में श्याम सुंदर, देवसिंह सहित अन्य लोग घुसकर उसकी पत्नी मिलौतीन बाई और दोनों बेटों रामधन और लखन पर हमला कर रहे थे। उन्होंने लाठी डंडे से उनकी बेरहमी से पिटाई की। राधेश्याम पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी मारने के लिए दौड़ाया, लेकिन वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और घायल मिलौतीन बाई, रामधन और लखन केंवट को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा भेजा गया। इस दौराने मिलौतीन बाई की 5 अक्टूबर को ही मृत्यु हो गई, जबकि घायल रामधन और लखन को सिम्स भेजा गया। इधर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु की।

**निधन...**

## श्रीमती रंभा देवी प्रधान



**सरिया।** रामचंडी महिला समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्ति शिक्षक बुद्धेश्वर प्रधान की धर्म पत्नी श्रीमती रंभा देवी प्रधान का 16 मई को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। तथा कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। समाज के प्रति सदैव सजग और सक्रिय थी। वे समाज के लिए समर्पण और महिला सशक्तिकरण के अथक प्रयास के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेगी। उनकी यादें और कार्य समाज के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक शामिल थे। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की प्रगति की निगम आयुक्त ने की समीक्षा

# निगम आयुक्त का अल्टीमेटम, एक सप्ताह में शुरु हो 104 पीएम आवास निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति, जियोटैगिंग एवं हितग्राहियों को भुगतान संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने स्वीकृत 104 आवास को एक हफ्ते में निर्माण शुरू करने विभागीय अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया।

- अप्रारंभ 104 आवासों को एक सप्ताह में शुरू कराने के निर्देश

समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 340 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 188 आवास फाउंडेशन स्तर पर 31 आवास लेंटर स्तर पर 14 आवास रूफ स्तर पर तथा 03 आवास पूर्ण स्तर पर पहुंच चुके हैं। वहीं 104 आवास ऐसे पाए गए जिनका निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। इस पर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी अप्रारंभ आवासों का कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।



अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त।

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करने की बात कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया से कही। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अप्रारंभ आवासों का घर घर जाकर निरीक्षण करें, हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित करें तथा निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराएं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने यह भी कहा कि जियोटैग किए गए आवासों का भुगतान तत्काल जारी होना चाहिए ताकि हितग्राहियों को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े और निर्माण कार्य में तेजी आए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी एके लोहिया लिपिक, सीएलटीसी एवं पीएमसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जरुरत के मुताबिक पेट्रोल-डीजल की करें खरीदी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने जिले के नागरिकों और आम उपभोक्ताओं से अपील किया है किए वे किसी भ्रम अथवा अफवाह से प्रभावित होकर घबराए नहीं और ज्यादा मात्रा में पेट्रोल डीजल की खरीदी अथवा इसका संग्रहण करना प्रारंभ नही करें, केवल आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल डीजल वाहनों में रखे। ऑयल कम्पनियों के सेल्स ऑफिसर एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों से पेट्रोल डीजल उपलब्धता एवं आपूर्ति की हेतु लगातार व्यवस्था बनाने में जिला प्रशासन कार्यरत है। आवश्यकता मांग अनुसार पेट्रोल डीजल की आपूर्ति लगातार की जा रही है। मांग सामान्य होने तक जिले के सभी पेट्रोल पम्पों को 24 घण्टे आपूर्ति के निर्देश दिए है।

कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने कहा किए सभी व्यक्ति देशकाल की परिस्थिति अनुसार ईंधन का उपयोग करें। कोई भी धन कमाने के लालच में पेट्रोल डीजल का ज्यादा मात्रा का स्टॉक कर अधिक रेट में न बेचें, जिले में सभी व्यक्तियों को पेट्रोल डीजल की आपूर्ति हो इसका ध्यान रखें। कालाबाजारी नहीं करें, यदि कालाबाजारी करते हुए पकड़े जाएंगे तो उनको बक्शा नहीं जाएगा।

### कलेक्टर ने ली पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने पेट्रोल डीजल की आपूर्ति के संबंध में जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ की बैठक ली। उन्होंने अतिआवश्यक सेवाओं वाले सभी प्रकार के एम्बुलेंस, हॉस्पिटल डीजी सेट, फायर ब्रिगेड और शासकीय वाहन को पेट्रोल डीजल देने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को शासकीय वाहन का मितव्ययिता के साथ उपयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही किसान, आम उपभोक्ता, ट्रांसपोर्टर आदि के वाहनों के लिए तय सीमा में पेट्रोल डीजल देने कलेक्टर ने पंप मालिकों को निर्देश दिए।

# बूंद-बूंद को मोहताज पुसलदा के ग्रामीण, पानी के लिए कुंए में लगती है महिलाओं की कतार



**कुड़ेकेला।** धरमजयगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पुसलदा जहाँ 1500 की आबादी इस भीषण गर्मी में गले को तर करने के लिए नदी और कुओं के मटमैले पानी पर निर्भर है। यहां महिलाओं का पानी के लिए कुंए के पास लाइन लगानी पड़ती है।

गांव के सरपचं ने बताया कि पानी के लिए शिविर में निवेदन करने के बावजूद आज तक कोई भी अधिकारी गांव की स्थिति देखने नहीं पहुँचा। 1500 लोग इस तपती गर्मी में कैसे जीवन यापन कर रहे हैं इससे शायद वातानुकूलित कमरों में बैठे अफसरों को कोई सरोकार नहीं है। पुसलदा जैसे गांवों में लोग नदी का पानी पीने को मजबूर हैं। जनसमस्या निवारण शिविर कागजी खानापूर्ति का जरिया बन कर रह गए हैं। बीती 20 मार्च को छाल में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पुसलदा के ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए आवेदन सौंपा था, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी शासन प्रशासन की नींद नहीं खुली है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके आवेदन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नदी और कुआं ही अब सहारा है। गांव की स्थिति इतनी विकट है कि लोग प्यास बुझाने के लिए पारंपरिक जल स्त्रोतों पर लौटने को मजबूर हैं।

गर्मी में स्थिति बदतर हो जाती है। मजबूरी में नदी से पंप के जरिए पाइप लाइन डालकर पानी लाया जा रहा है जो नाकाफी है।

**केसव राठिया उपसरपंच**

महंत मोहल्ला और नीम पारा में हाहाकार मचा है। बिजली गुल होते ही हाहाकार मच जाता है तब कुआं ही एकमात्र सहारा बचता है।

**मेघा महंत पंच वार्ड क्र. 6**

### प्रशासन का दावा

इन सब के बीच पुसलदा में आई पानी की समस्या को लेकर प्रशासन ने दावा किया है कि वहां सबकुछ ठीक है। गांव में 11 हैंडपंप और 4 बोर से ग्रामीणों को पानी मिल रहा है। पीएचई के अधिकारियों ने दावा किया कि क्रेडा द्वारा स्थापित दो सोलर आधारित पेयजल की व्यवस्था बंद है, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकी से नियमित पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

# पूजन के लिए सामग्री लेकर घर पहुंचा पति कूलर चालू करते करंट की चपेट में आया, मौत

**सरिया।** वट सावित्री व्रत की पूजन सामग्री लेकर पति जैसे ही घर पहुंचा और गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर चालू करने का प्रयास किया। तभी करंट लगने से पति की मौत हो गई। घटना की खबर गांव में आग की तरह फैली और पूरा गांव शोक में डूब गया।

घटना सरिया थाना अंतर्गत ग्राम पंचधार का है। शनिवार को बट सावित्री व्रत की पूजा पाठ के लिए गांव में उत्साह का माहौल था। तभी भगवान को शायद मंजूर न था कि सुहागन का पूजा अपने पति के लंबी उम्र के लिए वरदान साबित हो। इसके पहले व्रती से उसका पति सुहाग छीन लिया। घटना से जहां पूरा परिवार शोक में डूबा है। वही इस घटना से गांव भी शोकाकुल है। यह घटना बेहद हृदय विदारक है। बट सावित्री व्रत के बीच ऐसी अनहोनी का होना किसी भी परिवार के लिए बहुत बड़ा वज्रपात है। व्रत के दिन पति की असामयिक मृत्यु से पूरा परिवार शोक में डूबा हुआ है। बताया जाता है कि गगन बारीक पिता स्व. सुशील बारीक के उम्र 43 वर्ष शनिवार सुबह अपने गांव पंचधार से पूजन सामग्री खरीद कर जैसे ही घर पहुंचा। तभी मौत ने बहाना बनाकर उसे अपने आगोश में ले लिया। इधर सुहागन निर्जला व्रत रखते हुए पति की दीर्घायु के लिए बट सावित्री व्रत की तैयारी में जुटी थी। सुहागन को क्या मालूम था कि भगवान उसे इस पूजा से वंचित कर दे। मृतक गगन बारीक के दो पुत्र संतान भी हैं तथा भरा पूरा परिवार का है।



# अखंड सुहाग के लिए रायगढ़ की महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत, मंदिरों में हुई पूजा अर्चना



**रायगढ़।** अखंड सुहाग की कामना लेकर आज शहर की हजारों सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री व्रत पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से मनाया। सुबह से ही शहर के सभी प्रमुख मंदिरों और बरगद वृक्षों के पास महिलाओं का रेला लगा रहा। सुबह से हुई पूजा शहर की श्रद्धालु महिलाओं ने सुबह 7.12 से 8.24 बजे तक और अभिजीत मुहूर्त 11.50 से 12.45 बजे तक वट वृक्ष की पूजा कीं।

वहीं सोलह श्रृंगार कर पहुंची महिलाओं ने बरगद के पेड़ की परिक्रमा की, कच्चे सूत का धागा बांधा और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। नई बहुओं और युवतियों ने भी व्रत रख पूजा की। कई महिलाओं ने अपनी बेटियों को भी साथ लाकर पूजा की विधि सिखाई, ताकि सनातन परंपरा आगे बढ़ती रहे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष को अमरता, सुख और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से यहीं वापस लिए थे। तभी से सुहागिनें पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली के लिए ये व्रत रखती हैं।

### शहर में रहा श्रद्धा का माहौल

शहर के गौरी-शंकर मंदिर, चक्रधर नगर स्थित हनुमान मंदिर, सत्तीगुड़ी चौक सहित सभी मंदिरों में जाकर श्रद्धालु महिलाओं ने पूजा अर्चना कीं। दिन भर आध्यात्मिक खुशी का माहौल रहा व रात में महिलाओं ने विशेष भजन संध्या का आयोजन भी किया।

## आस्था और परंपरा का संगम, नगर से गांव तक श्रद्धा से मनी वट सावित्री पूजा



**कोसीर।** सुहागिन महिलाओं के अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना का पर्व वट सावित्री पूजा इस बार भी सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। नगर से लेकर सुदूर गांवों तक वट वृक्षों के नीचे महिलाओं की भीड़ रही। मंत्रोच्चार, लोकगीतों और पारंपरिक रीति रिवाजों के बीच महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। सारंगढ़ जिला मुख्यालय सहित कोसीर गांव में दोपहर के समय वट सावित्री पूजा का मुख्य अनुष्ठान संपन्न हुआ। यहां सैकड़ों महिलाओं ने बरगद के पेड़ के नीचे एकत्र होकर पूजा अर्चना की। सावित्री सत्यवान की कथा सुनी और पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। पूरे क्षेत्र में सुबह से ही बाजारों में पूजा सामग्री, मौली, सूत, फल फूल और श्रृंगार की वस्तुओं की रौनक दिखी। हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्रतों में से एक माना जाता है। ज्येष्ठ माह की अमावस्या को मनाए जाने वाले इस व्रत की मान्यता पौराणिक कथा सावित्री और सत्यवान से जुड़ी है। मान्यता है कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज के चंगुल से वापस लाकर पतिव्रता धर्म की शक्ति का परिचय दिया था। तभी से महिलाएं इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट वृक्ष में त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। वट वृक्ष की पूजा करने से सुख, समृद्धि, संतान सुख और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यह व्रत न केवल पति की लंबी उम्र के लिए किया जाता है, बल्कि यह नारी शक्ति, धैर्य और समर्पण का भी प्रतीक है।

## पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

**सरिया।** वट सावित्री व्रत एक ऐसा पर्व है। जो नारी शक्ति, श्रद्धा और पति पत्नी के अटूट बंधन का प्रतीक है। आज शनिवार को सरिया अंचल में भी भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुरूप बट सावित्री व्रत श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में भी बट सावित्री व्रत पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा। तथा विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान नवविवाहिता से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक कई दर्जन सुहागिनें शामिल हुए। उन्होंने माता सावित्री और सत्यवान की कथा का श्रवण किया। पूजा के दौरान महिलाओं ने बट वृक्ष की परिक्रमा की और उसमें सूत का कच्चा धागा लपेटा। उन्होंने वृक्ष को फल, फूल, रोली और भीगे चने अर्पित किए। जिससे इसकी पूजा से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। नगर के गायत्री मंदिर, जगन्नाथ मंदिर एशिव मंदिर तथा तालाबों में बट वृक्ष की पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं पहुंची। यह व्रत जेष्ट माह की अमावस्या को हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है।



# बालिका सशक्तिकरण अभियान जीईएम 2026 का उद्घाटन



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा ने 15 मई को बालिका सशक्तिकरण अभियान जीईएम-2026 का उद्घाटन एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। यह अभियान चार हफ़्ते की वर्कशॉप है। इसका मकसद स्कूल जाने वाले बच्चों की गर्मी की छुट्टियों का सही इस्तेमाल करना है। इसका मकसद शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के ज़रिए युवा लड़कियों को मज़बूत बनाना है।

इस अभियान का मकसद ट्रेनिंग के दौरान कोर्स करिकुलम, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, हेल्थ अवेयरनेस, लाइफ स्किल्स और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज़ के ज़रिए लड़कियों को बौद्धिक एवं शारीरिक विकास में मदद करना है। उपस्थित जन समूहों को संबोधित करते हुए, श्री सिंह ने लड़कियों को अपने सपने पूरे करने के लिए हिम्मत दी।

उन्होंने सभी को बाल विवाह रोकने और महिलाओं के अधिकारों के बारे में भी बताया और बताया कि कैसे एक महिला समाज में इज्ज़तदार ज़िंदगी जी सकती है। अपने भाषण में श्री सुभाष ठाकुर ने रायगढ़ और आस-पास के ज़िलों में एनटीपीसी लारा स्टेशन द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कदमों के बारे में विस्तार से बताया। बालिका सशक्तिकरण अभियान एनटीपीसी की एक विशेष सामाजिक दायित्व है, जो लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ाने, एजुकेशनल सपोर्ट बढ़ाने और लीडरशिप क्वालिटी को विकास करने पर फोकस करती है।

## तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 का शुभारंभ



**रायगढ़।** तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान के चौथे संस्करण का शुभारंभ गरिमामयी वातावरण में किया गया। इस 28 दिवसीय कार्यशाला में आसपास के 13 ग्रामों से चयनित 40 बालिकाएं भाग ले रही हैं। एनटीपीसी द्वारा हर वर्ष बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया जाता है, जिसमें ग्रामीण और वंचित वर्ग से आने वाली बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता रहा है, 2018 से अब तक इससे 12,000 से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हो चुकी है।

समारोह की शुरुआत एनटीपीसी गीत और पारंपरिक द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिसके पश्चात बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसके पश्चात उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभावित ग्राम रायकेरा कि सुश्री चांदनी साहू, छात्रा बीटेक माइनिंग को 90,000 रुपए कि उत्कर्ष छात्रवृत्ति भी प्रदान कि गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तलईपल्ली परियोजना न केवल देश को ऊर्जा देती है, बल्कि अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति भी पूरी तरह सजग है।

**न्यायालय तहसीलदार, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202603041000047/80/अ-21/2025-26, साकिन-घरघोड़ा प.ह.न. 14

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश मित्तल पिता शिव कुमार मित्तल उर्फ प्रहलाद राय जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 15 लैलूंगा रोड घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम घरघोड़ा प0ह0नंबर 14 तहसील घरघोड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 440/7 रकबा 0.041 हे. भूमि आवेदक के हक, स्वामित्व एवं नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि व्यपवर्तित भूमि है। आवेदक उक्त भूमि का दानग्रहिता रितु मित्तल पति राजेश मित्तल के पक्ष में दान पत्र निष्पादित करना चाहता है। उक्त भूमि को प्रस्तावित दानग्रहिता के पक्ष में दान पत्र निष्पादित करने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

प्रस्तुत आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 02/06/2026 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में जिसे किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 02/06/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार घरघोड़ा**







